Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7366	20.04.2023	20.04.2023	Dhanbad Jharkhand	www.etvbharat.com/Hindi https://www.etvbharat.com/hindi/delhi/bharat/100-people-hospitalised-in-snmmch-after-eating-chaat-in-chadak-fair-dhanbad/na20230420073703745745702
Title:	**100 people hospitalised after eating chaat in chadak fair Dhanbad, Jharkhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Dhanbad, SSU- Jharkhand			

झारखंड के धनबाद जिले में मेले में चाट खाने के बाद एक के बाद करीब 100 लोग बीमार हो गए. सभी को चक्कर और उल्टी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया. देखते ही देखते अस्पताल में मरीजों की बाढ़ आ गई और अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड में भर गया. इमरजेंसी के बाहर फर्श पर चारों ओर मरीज ही मरीज थे. मरीजों में दो साल से लेकर बड़े बुजुर्ग सभी शामिल थे. हर कोई अपने करीबियों के इलाज के लिए दौड़ भाग कर रहा था. धनबाद के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल SNMMCH में कुछ ऐसा ही हाल रहा.

इतनी संख्या में अचानक मरीजों के पहुंचने से हॉस्पिटल में बेड की कमी पड़ गई. जिसके बाद प्रबंधन के निर्देश के बाद मरीजों का फर्श पर ही इलाज शुरू किया गया. किसी को इंजेक्शन लग रहे थे तो किसी को स्लाइन चढ़ाया जा रहा था. किसी को स्लाइन के लिए जब स्टैंड नहीं मिला तो परिजनों ने हाथों में स्लाइन की बोतल पकड़ ली और खुद अपने मरीज के लिए सही स्थान की तलाश में जुटे रहें.

पहले इलाज के लिए परिजन हुए आक्रोशित: छोटे-छोटे बच्चों को परिजन अपने गोद मे लिए हाथों में स्लाइन पकड़े नजर आए. अस्पताल में पूरी तरह पैनिक की स्थिति बनी रही. बीच-बीच में परिजन आक्रोशित होते भी नजर आए. परिजन पहले अपने मरीज का इलाज कराना चाह रहे थे. जिससे माहौल थोड़ा बिगड़ गया, लेकिन डॉक्टरों की टीम मरीजों को संभालने में जुटी रही और परिजनों को समझा बुझा कर शांत कराया.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

चड़क पूजा का मेला घूमने गए थे सभी लोग: मरीज के परिजनों से बात करने पर मामले की जानकारी हुई. परिजनों ने बताया कि बलियापुर थाना क्षेत्र के करमाटांड़ में चड़क पूजा के दौरान मेला लगा था. करमाटांड़ गांव के लोग मेला घूमने के लिए पहुंचे हुए थे. तभी मेला घूमने आए लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी. लोगों को उल्टी और चक्कर आने लगे. धीरे-धीरे मेला घूमने पहुंचे बच्चे और बड़े-बुजुर्ग सभी बेचैन होने लगे. सभी को चक्कर और उल्टी आने की शिकायत होने लगी. जिसके बाद मेले में अफरा-तफरी मच गई. लोग अपने अपने मरीजों को लेकर SNMMCH पहुंचने लगे, जिसे जैसे समझ में आया, अपने लोगों को लेकर अस्पताल पहुंचा.

चाट खाने से बिगड़ी सबकी तबीयत: बताया जा रहा है कि चाट चाउमीन के ठेले पर बेचे जा रहे चाट खाने के बाद ही लोगों की तबीयत बिगड़ी है तबीयत बिगड़ने के बाद आनन-फानन में लोगों को SNMMCH अस्पताल लाया गया. SNMMCH में डॉक्टरों की टीम लगाई गई. सभी को सबसे पहले स्लाइन और इंजेक्शन की डोज दी गई. SNMMCH के अलावे सैकड़ों मरीजों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है. सभी को फूड प्वाइजनिंग हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार दर्जन भर मरीजों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1